प्रेस रिलीज

महिंद्रा ने एम-प्रोटेक्ट कोविड प्लान के साथ किसानों का समर्थन किया

- ***एम-प्रोटेक्ट कोविड प्लान, किसानों को 1 लाख रु. का कोविड हेल्थ इंश्योरेंस और पूर्व-स्वीकृत आपातकालीन वित्तीय सहायता प्रदान करता है***
- ***मई 2021 में खरीदे गये महिंद्रा ट्रैक्टर्स पर लागू***

मुंबई, 16 मई, 2021: महिंद्रा एंड महिंद्रा के फार्म इक्विपमेंट सेक्टर, जो 19.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर वाले महिंद्रा ग्रुप का एक घटक है, ने 'एम-प्रोजेक्ट कोविड प्लान' लॉन्च किया है। यह महिंद्र द्वारा शुरू की गयी एक नयी ग्राहकोन्मुखी पहल है, जो इस चुनौतीपूर्ण समय में भारतीय किसानों को समर्थन देने हेतु संकल्पित है।

महिंद्रा के एम-प्रोजेक्ट कोविड प्लान का उद्देश्य महिंद्रा ट्रैक्टर के नये ग्राहकों और उनके परिवारों को कोविड-19 संक्रमण के संपर्क में आने के संभावित परिणाम से बचाना है

एम-प्रोजेक्ट कोविड प्लान के तहत, महिंद्रा द्वारा ग्राहकों को निम्नलिखित उपलब्ध कराया जायेगा –

- विशिष्ट कोविड मेडिक्लेम पॉलिसी के जरिए 1 लाख रु. का हेल्थ कवर ताकि ग्राहक को कोविड-19 संक्रमित हो जाने की स्थिति में होम क्वारंटीन लाभ प्रदान किये जा सकें।
- कोविड-19 के उपचार के दौरान चिकित्सा खर्च में सहायता के लिए पूर्व-स्वीकृत ऋण प्रदान करके वित्तीय सहायता
- ग्राहक के ऋण को 'महिंद्रा लोन सुरक्षा' के अंतर्गत बीमित करना ताकि दुखद मृत्यु की स्थिति में सहायता मिल सके

एम-प्रोजेक्ट कोविड प्लान, मई 2021 के दौरान खरीदे गये महिंद्रा के ट्रैक्टर्स की पूरी रेंज पर उपलब्ध होगा।

Copyright © 2021 Mahindra & Mahindra Ltd. All rights reserved.

प्रगति के बारे में प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, एम एंड एम लिमिटेड के फार्म इक्विपमेंट सेक्टर के प्रेसिडेंट, हेमंत सिक्का ने कहा, "महिंद्रा में हम अपने ग्राहकों और समुदाय की बेहद परवाह करते हैं और कोविड से संबंधित चुनौतियों को दूर करने के लिए सबसे जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए हमने कई पहल की है। हमारा नया 'एम-प्रोटेक्ट कोविड प्लान' उस दिशा में किसानों को लक्षित एक नई पहल है, क्योंकि हम इस कठिन समय में भी सकारात्मक बदलाव लाने के लिए उनके साथ खड़े हैं। एम-प्रोटेक्ट के साथ हमें एक कोविड संबंधित घटना के प्रभाव को कम करने के लिए उनकी सेवा और समर्थन करने का सौभाग्य मिला है। एम-प्रोटेक्ट के साथ हम आशा करते हैं कि हमारे किसान स्वस्थ जीवन जीते रहेंगे।”

महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के फार्म डिविजन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, शुभब्रत साहा ने कहा, " मई और जून किसान समुदाय की आजीविका के लिए महत्वपूर्ण महीने हैं और कोविड-19 कई चुनौतियां लेकर आया है। हमारी नई एम-प्रोटेक्ट कोविड योजना का उद्देश्य किसानों की चिंताओं को कम करना है क्योंकि हम इन महत्वपूर्ण कृषि संबंधी महीनों में उनका समर्थन करते हैं। एम-प्रोटेक्ट के माध्यम से हम इन चुनौतीपूर्ण समय के दौरान किसान को राहत देने के लिए स्वास्थ्य, वित्तीय और बीमा से संबंधित सुरक्षा प्रदान करेंगे, उनकी और उनके परिवारों की सुरक्षा करेंगे। मैं अपने चैनल भागीदारों को हमारे किसान ग्राहकों को दिए गए अपार समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा।"

3 दशकों से अधिक समय से, महिंद्रा भारत का निर्विवाद रूप से नंबर 1 ट्रैक्टर ब्रांड रहा है और वॉल्यूम के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा ट्रैक्टर निर्माता है। 50 से अधिक देशों में उपस्थिति के साथ, महिंद्रा ने डेमिंग अवार्ड और जापानी क्वालिटी मेडल दोनों जीतने वाले दुनिया के एकमात्र ट्रैक्टर ब्रांड के रूप में अपनी गुणवत्ता का लाभ उठाया है। मार्च 2019 में, महिंद्रा 3 मिलियन ट्रैक्टरों को रोल आउट करने वाला पहला भारतीय ट्रैक्टर ब्रांड बन गया।

पीढ़ी-दर-पीढ़ी किसानों के साथ काम करने के बाद, महिंद्रा ट्रैक्टर अपने असाधारण निर्माण और ऊबड़-खाबड़ इलाकों में प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं। 11.20 kW से 55.9 kW (15 HP से 75 HP)

Copyright © 2021 Mahindra & Mahindra Ltd. All rights reserved.

तक की रेंज वाले Mahindra के उच्च गुणवत्ता, कठिन और टिकाऊ ट्रैक्टरों में तकनीकी रूप से उन्नत नोवो, युवो, जिवो रेंज और बढ़ी हुई उत्पादकता और कमाई के लिए 4x4 रेंज शामिल हैं।

महिंद्रा के विषय में

महिन्द्रा समूह 19.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर वाला कंपनियों का संघ है, जो नये-नये मोबिलिटी समाधानों के जरिए और ग्रामीण समृद्धि, शहरी रहन-सहन को बढ़ाते हुए, नये व्यवसायों को प्रोत्साहन देकर और समुदायों की सहायता के जरिए लोगों को राइज अर्थात् उत्थान करने में सक्षम बनाता है। इसका ट्रैक्टर, उपयोगिता वाहन, सूचना प्रौद्योगिकी और वैकेशन ओनरशिप में अग्रणी स्थान है और यह वॉल्युम की दृष्टि से दुनिया की सबसे बड़ी ट्रैक्टर कंपनी है। कृषि-व्यवसाय, एयरोस्पेस, कल-पुर्जे, परामर्श सेवाओं, प्रतिरक्षा, ऊर्जा, औद्योगिक सेवाओं, लॉजिस्टिक्स, जमीन-जायदाद, खुदरा, इस्पात और दोपहिये उद्योगों में महिन्द्रा की महत्वपूर्ण मौजूदगी है। इसका मुख्यालय भारत में है। 100 से अधिक देशों में, महिन्द्रा के 2,56,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं।

www.mahindra.com / ट्विटर और फेसबुक: @MahindraRise पर महिंद्रा के बारे में अधिक जानें

मीडिया संपर्क जानकारी
आर्थर सेराव
सीनियर मैनेजर, कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशंस
महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड .
ईमेल : – chainani.varsha@mahindra.com

Copyright © 2021 Mahindra & Mahindra Ltd. All rights reserved.